राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने बिहारी युवा क्रिकेटर ईशान किशन को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी

पटना, 15 मार्च 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने बिहारी युवा क्रिकेटर ईशान किशन को, कल अहमदाबाद में भारत और इंग्लैंड के बीच हुए टी–20 के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि इस युवा बिहारी क्रिकेटर ने 'टी–20' क्रिकेट मुकाबले के अपने 'पदार्पण मैच' में ही 56 रनों की उम्दा आतिशी बल्लेबाजी के जरिये भारत को विजय दिलाते हुए स्वयं 'मैन ऑफ द मैच' का खिताब हासिल करने में सफलता हासिल की। वस्तुतः इस युवा क्रिकेटर ने सभी दर्शकों को दिल जीत लिया।

राज्यपाल ने कहा कि युवा क्रिकेटर ईशान से राज्य के अन्य युवा खिलाड़ी भी प्रेरणा ग्रहण करेंगे तथा बिहार और देश का नाम गौरवान्वित करेंगे।

....